# निवेश का बड़ा केंद्र बनता जा रहा यूपी

लखनऊ। नोएडा में सैमसंग के मोबाइल, आईटी डिस्प्ले और ओएलईडी मोबाइल डिस्प्ले निर्माण के नए प्लांट की स्थापना का रास्ता साफ होने के बाद सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री सिद्धार्थनाथ सिंह ने कहा कि प्रदेश में इस इकाई के लगने से निर्यात बढ़ेगा। इससे यह साफ है कि सीएम योगी के नेतृत्व में यूपी निवेश का बड़ा केंद्र बनता जा रहा है। प्रदेश सरकार के प्रयास से राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में एक नया ईको-सिस्टम विकसित हुआ है। देश-विदेश में मोबाइल एवं अन्य इलेक्ट्रॉनिक्स उपकरणों की बढ़ती मांग के मद्देनजर भारत भी निर्यात हब बनने की ओर अग्रसर है।

वहीं, सैमसंग के नए प्लांट के लिए पूंजी उपादान व भूमि हस्तांतरण पर स्टांप ड्यूटी में छूट के फैसले के बारे में प्रदेश सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि गत वित्तीय वर्ष में 2.7 बिलियन डॉलर के निर्यात के साथ सैमसंग प्रदेश का सबसे बड़ा निर्यातक है। कंपनी ने आगामी पांच वर्ष में 50 बिलियन डॉलर के निर्यात का लक्ष्य रखा है। ब्यूरो